Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding four-laning of National Highway No. 24 (Bareilley - Sitapur) in Uttar Pradesh -laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि उ0प्र0 राज्य में बरेली-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, जिसके चौड़ीकरण एवं 4 लेन का निर्माण कार्य विगत 11 वर्षों से चल रहा है किन्तु अभी तक यह मार्ग अधूरा पड़ा हुआ है। इस मार्ग की लम्बाई लगभग 160 कि.मी. को ऐरा इन्फा इंजीनियरिंग कम्पनी के द्वारा सन् 2010 से निर्माण कार्य शुरू कर सन् 2019 में अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया तथा इस मार्ग में लगभग 100 कि.मी. सीधे भाग पर 4 लेन का कार्य पुरानी कम्पनी द्वारा किया गया। किन्तु इस मार्ग पर बनने वाले लगभग 50 पुल/फ्लाइओवर का कार्य तो शुरू नहीं किया गया था या तो अधूरा छोड़ दिया गया और शेष कार्य अथॉरिटी द्वारा नया टेण्डर करके दिसम्बर 2019 में कार्य शुरू कराया गया।

इस शेष कार्य का विस्तृत सर्वेक्षण कर डी0पी0आर0 बनाने का कार्य आई०सी०टी० कम्पनी को दिया गया, लेकिन इस कम्पनी द्वारा अनुबन्ध गठन तक कोई भी डी0पी0आर0 अथॉरिटी को नहीं दिया गया ओर अथॉरिटी द्वारा बिना विस्तृत सर्वेक्षण के ही अनिश्चित मात्राओं के आधार पर अनुबंध का गठन कर दिया गया। तत्पश्चात जून 2020 में विस्तृत डी0पी0आर0 तथा अंततः नवम्बर 2020 में डी0पी0आर0 अथॉरिटी को जमा की गई। तब से आज तक अथॉरिटी के स्थलीय अधिकारियों द्वारा वेरिएशन ऑर्डर न स्वीकृत कर विभागीय लिखा पढ़ी में प्रोजेक्ट को फंसाकर रखा हुआ है।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि कार्यदायी संस्था की पर्याप्त मशीनरी (3 सैट ऑफ प्लान्ट एवं मशीनरी) साइट पर अनुपयोगित खड़ी है, क्योंकि कार्य स्थल के अनुसार कार्य किये जाने हेतु आवश्यक वेरिएशन ऑर्डर अथॉरिटी के स्थलीय अधिकारियों द्वारा लगभग 1.5 वर्ष से लम्बित डाल रखा है। अब अधिकारियों द्वारा इस कार्य को बांटकर लगभग रू0 200 करोड़ का नया टेण्डर

करने की कूट रचना की जा रही है, परिणामस्वरूप कार्य को पूर्ण करने में और अधिक देरी होगी। लेकिन, कार्यदायी संस्था वेरिएशन ऑर्डर शीघ्र सेक्शन होने पर पूरा कार्य 6 माह में पुराने रेट पर करने के लिए तैयार है।

अतः जनहित में सरकार से अनुरोध है कि कार्यदायी संस्था से पूरा कार्य पुराने दरों पर ही कराये जाने हेतु समुचित कदम उठाएं, ताकि उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य तुरन्त पूरा हो सके।